# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 12.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 12.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में भदई अमावस्या मेला की तैयारी के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।
जिलाधिकारी ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार 23 अगस्त 2025 को भादो मास की अमावस्या पड़ रही है जो मेला 21 अगस्त 2025 से 24 अगस्त 2025 के मध्य संपन्न होगा इस मेला का काफी महत्व है यहां पर अधिक भीड़ श्रद्धालुओं की आएगी उसी के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व यातायात प्रभारी पुलिस को निर्देश दिए की पार्किंग स्थलों का चयन करके बरसात को देखते हुए स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें पार्किंग स्थलों पर पेयजल शौचालय व प्रकाश व्यवस्था कराई जाए उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि मेला को देखते हुए पार्किंग स्थलों व संपूर्ण मेला क्षेत्र पर तारपोल आदि को दुरुस्त करा लिया जाए रामघाट परिक्रमा मार्ग रेलवे स्टेशन बस स्टॉप बेड़ी पुलिया आदि जगहों पर जो सीसीटीवी कैमरा लगे हैं अगर वह खराब है तो उनको ठीक कराया जाए खोया पाया केंद्र बेड़ी पुलिया यूपीटी रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर पीए सिस्टम लगाया जाए राजस्व विभाग नगर पालिका व पुलिस परिक्रमा मार्ग और रामघाट का जो अतिक्रमण है उसको तत्काल हटाए तथा परिक्रमा पथ पर मैट बिछाए जाने की भी व्यवस्था की जाए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे मेला क्षेत्र की दुकानों पर छापामार की कार्यवाही करें, जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि मेला के दौरान जिन दुकानदारों द्वारा रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर गैस सिलेंडरों का प्रयोग किया जा रहा है उन पर कार्यवाही करें, मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि पूर्व की भांति सभी चिन्हित स्थलों पर एंबुलेंस व स्वास्थ्य टीमें तैनात रहे ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई समस्या ना हो अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि रामघाट पर गोताखोर बैरिकेडिंग नाव की व्यवस्था की जाए तथा सीडीओ की साफ सफाई भी कराई जाए।
पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि बेड़ी पुलिया से रामघाट, यूपीटी से खोही, सीतापुर से शिवरामपुर, लैना बाबा खोही रोड में जो अतिक्रमण है उसको तत्काल हटवा दिया जाए तीर्थ क्षेत्र में जो बाहर से श्रद्धालु आ रहे हैं बरसात को देखते हुए ठहरने के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा कराया जाए उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा खनिज अधिकारी से कहा कि 21 अगस्त 2025 से 24 अगस्त 2025 तक के लिए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से यह भी कहा कि मेला के दौरान कर्वी से तीर्थ क्षेत्र के लिए प्राइवेट बसों की व्यवस्था की जाए टेंपो टैक्सी ई रिक्शा की किराया सूची की रेट लिस्ट भी लगवाई जाए उन्होंने कहा कि यह मेला भादो मास का अत्यंत महत्वपूर्ण मेला है इसमें जिन-जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है उसी के अनुसार मेला के पूर्व सभी व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके कराया जाए ताकि हम सब लोग मेला को सकुशल संपन्न करा सके मेला के दौरान जनपद में मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था रहेगी।
बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम,उप जिलाधिकारी मऊ श्री सौरभ यादव, राजापुर श्री आर आर रमन, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द्र वर्मा , यातायात प्रभारी श्री शैलैन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविशंकर, एआईजी स्टांप श्री राम सुंदर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री अखिलेश कुमार, सिंचाई श्री एसके प्रसाद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लाल जी यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना मऊ पुलिस टीम ने दहेज के लिए प्रताडित करने व आत्महत्या के करने लिए उकसाने वाले वाँछित आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
अभियुक्त का नाम पता का विवरण-
गेंदालाल पुत्र भुल्लन उर्फ कोदऊ केवट निवासी काशीनाथ का पुरवा मजरा बियावल थाना मऊ जनपद चित्रकूट
गिरफ्तारी का स्थान/दिनाँक/समय-
बियावल तिराहा ग्राम बियावल,12.08.025,09.20 बजे
संक्षिप्त विवरण-
दिनाँक 09.07.025 को वादिया ननकी पत्नी ननकाऊना निवासी कटैया खादर थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा थाना मऊ पर सूचना दी कि उन्होने अपनी पुत्री इन्दरानी
की शादी गेंदालाल पुत्र भुल्लन निवासी टिकरा बगीचा काशी का पुरवा मजरा वियावल थाना मऊ जनपद चित्रकूट के साथ दिनांक 30.6.2018 को की थी। पुत्री इन्द्ररानी को शादी के एक वर्ष बाद से अतिरिक्त दहेज के लिये ससुराल वाले व उसका पति गेदलाल पुत्र भुल्लन पुत्री को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते रहे तथा दामाद गेंदालाल उपरोक्त की मांग पूरी न होने के कारण वह आये दिन पुत्री के साथ अशिष्ट अमानवीय व्यवहार करता था। इन सबसे तंग आकर दिनांक 07.07.2025 की रात को उनकी पुत्री ने रस्सी से फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 214/25 धारा 85/108 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पेजीकृत किया गया।
पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मऊ को निर्देशित किया गया।
आज दिनाँक 12.08.025 को उ0नि0 श्री अनूप कुमार शुक्ला थाना मऊ व उनकी टीम द्वारा मुकदमें के नामजद वाँछित अभियुक्त गेंदालाल पुत्र भुल्लन उर्फ कोदऊ केवट निवासी काशीनाथ का पुरवा मजरा बियावल थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-
1.उ0नि0 श्री अनूप कुमार सिंह थाना मऊ
2.आरक्षी संदीप यादव

**(5).** जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद चित्रकूट के पटेल तिराहा से धनुष चौराहा होते हुए शहीद पार्क एल आई सी तिराहा तक तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया शहीद पथ में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया, साथ ही राष्ट्रगान भी प्रस्तुत किया गया।
हर घर तिरंगा यात्रा के दौरान जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मां अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, मां अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक बांदा चित्रकूट श्री पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी श्री नरेंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद श्री भैरव प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक श्री दिनेश प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री चंद्रप्रकाश खरे, श्री दिनेश तिवारी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजन उपाध्याय, नगर अध्यक्ष भाजपा श्री रवि गुप्ता, महामंत्री भाजपा श्री आलोक पांडेय ,मंत्री श्री मनोज तिवारी, श्री राघवेंद्र सिंह, श्री विकास मिश्रा, श्री प्रेमलाल वाल्मीकि आदि सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं उपनिदेशक पर्यटन श्री आर के रावत, जिला विकास अधिकारी श्री सत्य राम यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री बीके शर्मा, डीसी मनरेगा श्री डी एन पांडेय,

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लाल जी यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शिक्षक संभान्त नागरिक व्यापारी तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में जनपद चित्रकूट में 12 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न आयोजनों के माध्यम से बड़े ही धूमधाम से कराया जाएगा।